प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों सवालों के घेरे में हैं। ताजा मामला पलामू के पांकी सीएचसी का है, जहां पर प्रसव के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। प्रसव कराने आयी महिलाओं ने अवैध वसूली का आरोप लगाया है, जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने पलामू के उपायुक्त को दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और सूचित करने का निर्देश दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सोरेन ने अन्य सभी उपायुक्तों को सभी अस्पतालों का ऑडिट करने और ऐसे मामलों पर रोक लगाने की हिदायत दी है।

****

रांची में चल रहे तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आज आखिरी दिन है। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल समापन समारोह में शिरकत करेंगे। इधर रांची दौरे के क्रम में केन्द्रीय मंत्री ने आरोग्य भवन में एकल बस का उदघाटन किया।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। श्री मरांडी ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर केंद्र सरकार से पुनः इसे संसद में पारित कराने का आग्रह किया जाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से झारखंड में भी महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

****

झारखंड समेत देश के विभिन्न केन्द्रों पर आज मेडिकल पाठयक्रमों के प्रवेश के लिए नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसे लेकर राज्य में नब्बे परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जहां दोपहर दो बजे से परीक्षा चल रही है, जो शाम पांच बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थी मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस और अन्य मेडिकल कोर्स में नामांकन लेने के पात्र होंगे।

****

पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज देवघर में श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर दुमका और देवघर के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुलभ जलार्पण और मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

****

हजारीबाग पुलिस ने बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र से लगभग चार किलोग्राम सोना और चार लाख रुपए से अधिक की लूट मामले का खुलासा कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि घटना में शामिल तीन अपराधियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक किलोग्राम सोना, बीस लाख रूपये नकदी और दो दोपहिया वाहन बरामद किया गया है।

****

जामताड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राधिकार के अधिकार मित्रों ने लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और छोटे–मोटे विवादों के समाधान की जानकारी दी।

****

राज्य के अधिकांश हिस्सों में इन दिनों बेमौसम बारिश हो रही है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के कई हिस्सों में नौ मई तक बारिश के आसार हैं। संथाल परगना के विभिन्न जिलों में कल वज्रपात और ओलावृष्टि होने की संभावना है, जिसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के तात्कालिक पूर्वानुमान के मुताबिक रांची जिले के कुछ हिस्से में अगले कुछ घंटे में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर की रफ्तार से हवा के चलने और वज्रपात होने की भी आशंका है।

****